कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैतूल(म.प्र.)

कार्य विभाजन पत्रक 2026 (संशोधन)

//विविध आदेश //

क्रमांक/48/एक–11–1/2009 बैतूल, दिनांक 04/05/2026

माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक **ए/1554**/(NDPS)तीन–6–3/89 जबलपुर दिनांक **9-04-2026** अनुसार स्वापक औषधि और मनप्रभावी पदार्थ अधिनियम **1985** (**1985** का **61**) के प्रकरणों की सुनवाई हेतु इस न्यायिक जिला स्थापना में **श्री सचिन कुमार घोष, जिला न्यायाधीश एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बैतूल के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, बैतूल** का नाम अधिसूचित किये जाने, माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर की अधिसूचना कमांक ए/**1576** (Exclusive POCSO) जबलपुर दिनांक **29** अप्रैल **2026** द्वारा पॉक्सो एक्ट, **2012** में विशिष्ठ न्यायालय हेतु **श्रीमती सोमप्रभा चौहान, जिला न्यायाधीश एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बैतूल के न्यायालय के चतुर्थ अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश बैतूल** का नाम को नामांकित किये जाने तथा माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर की अधिसूचना क्रमांक/ए/**1574**/तीन–**6**–**4**/**2003** जबलपुर दिनांक 29.04.2026 द्वारा तहसील आमला में **श्री संतोष चौहान जिला न्यायाधीश एवं अपर सत्र न्यायाधीश आमला** को विद्युत अधिनियम के प्रकरणों के सुनवाई हेतु नामांकित किये जाने के फलस्वरूप प्रशासनिक कार्य एवं सुविधा की दृष्टि से **मैं दिनेश चन्द्र थपलियाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बैतूल,** पूर्व में जारी किये गये कार्य विभाजन पत्रक **वर्ष 2026** के कार्य विभाजन पत्रक विविध आदेश क्रमांक/**46**/एक–11–1/2009 बैतूल दिनांक **28-04-2026** में आंशिक संशोधन करते हुए **खण्ड–अ** के **अनुकमांक 3** में उपकंडिका क्रमांक **8** का विलोपन, **अनुक्रमांक 5** में नवीन उपकंडिका क्रमांक **8** का संस्थापन, **अनुक्रमांक 6 में** नवीन उपकंडिका क्रमांक 3, 4 का संस्थापन तथा **अनुक्रमांक 9** में नवीन उपकंडिका क्रमांक 17 का संस्थापन तथा नोट क्रमांक 13 ,14 में संशोधन करता हूं :–

खण्ड –अ

जिला एवं अपर जिला न्यायालयों का क्षेत्राधिकार

अनु.	न्यायालय का नाम	क्षेत्राधिकार व प्रकरणों का प्रकार
5-	जिला न्यायाधीश एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बैतूल के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश बैतूल तथा प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बैतूल के द्वितीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बैतूल **(श्री सचिन कुमार घोष)**	8. **एन.डी.पी.एस. एक्ट 1985** से उद्भूत प्रकरण (अधिसूचना अनुसार)
6-	जिला न्यायाधीश एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बैतूल के न्यायालय के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश बैतूल तथा अनन्य विशेष न्यायालय(पॉक्सो एक्ट) बैतूल **(श्रीमती सोमप्रभा चौहान)**	3 जिला मुख्यालय बैतूल पर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के साथ अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियॅा (अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989) के अधीन पंजीबद्ध अपराधों का भी विचारण। **(अधिसूचना अनुसार)** 4. आरक्षी केन्द्र कोतवाली बैतूल, सारणी, शाहपुर, जी. आर.पी. आमला, बैतूल बाजार, रानीपुर, चिचोली, बीजादेही, चोपना से उत्पन्न ऐसे अपराधों से संबंधित प्रकरण एवं धारा 438, 439 द.प्र.सं. के तहत प्रस्तुत जमानत आवेदन एवं रिमाण्ड कार्यवाहियां, जिनमें अपराध **लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम** के साथ–साथ अनूसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अधीन पंजीबद्ध है।

अनु.	न्यायालय का नाम	क्षेत्राधिकार व प्रकरणों का प्रकार
9	**जिला न्यायाधीश एवं अपर सत्र न्यायाधीश आमला तथा अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, आमला** (श्री संतोष चौहान)	17. **विद्युत अधिनियम 2003** के अन्तर्गत आमला विद्युत क्षेत्र से उदभूद प्रकरण (अधिसूचना अनुसार)

साथ ही नोट क्रमांक 13 एंव 14 में निम्नानुसार संशोधन करता हूं।

नोट क्र.

13 . भैंसदेही स्थित अपर सत्र न्यायाधीश के पीठासीन अधिकारी अवकाश पर या अन्यथा अनुपस्थित रहने के दौरान उक्त न्यायालय के सत्र एवं अन्य आपराधिक प्रकरणों के साधारण प्रकृति के कार्य (गुण दोष के आधार पर निराकरण को छोड़कर जैसे पूर्व से लंबित रिमांड कार्यवाही, नवीन रिमांड कार्यवाहियां, माननीय उच्च न्यायालय के जमानत आदेश के पालन में तस्दीक करना, वारंट एवं आदेश पत्रिकाओं पर हस्ताक्षर)ऑपचारिक कार्य हेतु भैंसदेही स्थित वरिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा उनकी अनुपस्थिति में उसी क्रम में वरिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट हस्ताक्षर करने के लिये अधिकृत होंगे।

14. आमला स्थित अपर सत्र न्यायाधीश के पीठासीन अधिकारी अवकाश पर या अन्यथा अनुपस्थित रहने के दौरान एक्त न्यायालय के सत्र एवं अन्य आपराधिक प्रकरणों के साधारण प्रकृति के कार्य (गुण दोष के आधार पर निराकरण को छोड़कर जैसे पूर्व से लंबित रिमांड कार्यवाही, नवीन रिमांड कार्यवाहियां, माननीय उच्च न्यायालय के जमानत आदेश के पालन में तस्दीक करना , वारंट एवं आदेश पत्रिकाओं पर हस्ताक्षर) ऑपचारिक कार्य हेतु आमला स्थित वरिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा उनकी अनुपस्थिति में उसी क्रम में वरिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट हस्ताक्षर करने के लिये अधिकृत होंगे।

उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

(दिनेश चन्द्र थपलियाल)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बैतूल (म.प्र.)

पृष्ठांकन क्रमांक /1116/ एक–11–1 / 2009 बैतूल दिनॉक 04 /05 / 2026

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान रजिस्ट्रार जनरल महोदय, माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित्।
2. श्री रईस खान, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैतूल के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त अपर जिला न्यायाधीश बैतूल एवं विशेष न्यायाधीश (SCST Act) बैतूल
3. श्री सचिन कुमार घोष प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैतूल के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश बैतूल
4. श्री कैलाश नारायण अहिरवार जिला न्यायाधीश एवं द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बैतूल
5. डॉ. कु. महजबीन खान, जिला न्यायाधीश एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बैतूल
6. श्रीमती सोमप्रभा चौहान, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैतूल के न्यायालय के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश बैतूल
7. श्रीमती यतेश शिशोदिया, जिला न्यायाधीश एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मुलताई
8. श्री संजय कुमार भलावी जिला न्यायाधीश एवं द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मुलताई
9. श्री विजय चौहान , जिला न्यायाधीश एवं अपर सत्र न्यायाधीश भैंसदेही
10. श्री संतोष चौहान जिला न्यायाधीश एवं अपर सत्र न्यायाधीश आमला
11. श्रीमती संगीता भारती राठौर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी बैतूल

12. व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बैतूल /मुलताई/भैंसदेही/आमला
(श्री सुरेश यादव, श्रीमती संघप्रिया भद्रसेन, श्री राजकुमार भद्रसेन, सुश्री रश्मि खुराना, श्री अभिजीत सिंह वास्कले, श्रीमती सरिता डावर वास्कले,श्री लक्ष्मण डोडवे श्रीमती सुनीता ताराम, श्री कुशाग्र अग्रवाल)
13. व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बैतूल/मुलताई/भैसदेही/आमला
(श्री शुभम नीमा,श्रीमती शिखा पिसाल नीमा, श्रीमती शिखा शर्मा, सुश्री कृतिका मिश्रा, सुश्री निशा कुरील, श्री राहुल निरंकारी, सुश्री गार्गी शर्मा, श्री महेन्द्र सिंह मेहसन)
14. अध्यक्ष अधिवक्ता संघ बैतूल/मुलताई/भैसदेही/आमला।
15. प्रस्तुतकार जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैतूल।
16. पुलिस अधीक्षक, बैतूल/कलेक्टर बैतूल
17. निज सहायक, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बैतूल।

की ओर सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित् ।

18. जूनियर सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग बैतूल की ओर उक्त विविध आदेश को सर्वसंबंधित को ई–मेल के माध्यम से अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित ।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बैतूल (म.प्र.)